# BOSM 2023

## BADMINTON (GIRLS)



Tashi

बेडमिन्टन गर्ल्स टीम कि कप्तान ताशी ने बताया के सारे सदस्य लगभग एक महीने से मेहनत और समर्पण से रोजाना दो बार अभ्यास कर रहे थे, हलाकि BOSM कि तैयारी उससे भी पहले शुरू हो गयी थी। वे बच्चों के बीच में एक सच्चे खिलाडी के गुणों को जीवित रखना चाहते हैं और फेस्ट के हर मैच में अपना पूरा ज़ोर लगाना चाहते हैं। SHUTTLES के आने में बहुत विलम्ब देखा गया जिससे असुविधा हुई। ताशी कहती है RESILIENCE का मतलब जीवन कि चुनौतियों के बीच ढलना होता है। BOSM के थीम का मतलब है पढाई और दूसरी गतिविधियों के साथ खेलों में कि गयी मेहनत से आने वाला परिणाम। फर्स्ट इयर वाले छात्रों को बेफिक्र हो कर मज़े करने चाहिए क्योंकि ये उनका पहला फेस्ट है।

## FOOTBALL (GIRLS)



Khushi Mittal

गर्ल्स फुटबाल टीम कि कप्तान खुशी ने बताया कि उनकी तैयारी एक महीने से व्यवस्थित रूप से एक प्रशिक्षक की समीक्षा में चल रही है। वे अपने किये गए अभ्यास को BOSM के मैचों में बखूबी दर्शाने की पूरी कोशिश करेंगे। प्रशिक्षक के आने से पहले मैदान टीम के लिए उपलब्ध नहीं रहता था जिस वजह से उन्हें अभ्यास करने में दिक्कते आई थी। BOSM का थीम टीम के भावो और ताकतों से मेल खाती है, वो खिलाडी जो ज़ख़्मी या हारने के बाद भी अपनी जान लगाते है। खुशी कहती है कि फेस्ट का पूरा आनंद लेना चाहिए क्योंकि समय कब बीत जाए और आखरी BOSM आ जाए पता भी नहीं चलेगा।

## TABLE TENNIS (GIRLS)



Ravisha Gambhir

टेबल टेनिस महिला टीम की कप्तान रविशा गंभीर से हिन्दी प्रेस क्लब की वार्तालाप के अनुसार वे बिट्स पिलानी की टीम को जीत की दिशा में लेके जाना चाहती हैं। रविशा अपनी टीम के साथ काफ़ी समय से ज़ोरदार अभ्यास कर रही हैं। और वे यह सुनिश्चित करती हैं कि उनकी टीम के सारे खिलाडी रोज अभ्यास पर आयें। वे आगामी BOSM में अपनी व् अपनी टीम के प्रदर्शन में, महीनो की कड़ी महनत का प्रदर्शन देना चाहती हैं। उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती यही है कि टीम के सारे खिलाडी समय से रोज प्रैक्टिस पर आयें। BOSM की थीम "ROAR TO RESILINCE" उनकी टीम का उत्साह बढाती है तथा प्रेरित करती है कि दो दिन की खराब प्रैक्टिस से मैच का परिणाम तय नहीं हो सकता, और परिश्रम से उनकी टीम अभी भी मंजिल के द्वार पहुँच सकती है। वे अंत में सभी दर्शकों को यही सन्देश देना चाहती हैं कि बिट्स कि टीमों को भरपूर समर्थन दें व BOSM के होने वाले हर मैच का, दर्शक बनके भाग बनें।

## HOCKEY



Suryakant Singh Chouhan

हॉकी टीम के कप्तान सूर्यकांत सिंह चौहान ने हिन्दी प्रेस क्लब से हुई बातचीत में बताया कि वे और उनकी टीम बीते डेढ़ से दो महीनो से लगातार अभ्यास कर रही है। उन्हें पूरा विश्वास है कि वो इस बार आने वाली सभी टीम्स को कड़ा मुकाबला देंगे। उनकी BOSM से काफ़ी अपेक्षाएं और वे चाहते हैं कि उनकी टीम पदक जीते। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे उनके जूनियर बैच में भी फेस्ट और मैचेस को अच्छा ख़ासा उत्साह है और वे सभी अपनी पूरी ताकत से खेलने के लिए प्रेरित करते हैं।

## BASKETBALL (BOYS)



Jitin Haridas

बास्केटबॉल पुरुष टीम के कप्तान जितिन हरिदास से हिन्दी प्रेस क्लब की वार्तालाप के अनुसार वे मैच दर मैच जीतते हुए अंततः ट्रॉफी अपने नाम करना चाहते हैं। उन्होंने पिछले तकरीबन डेढ़ महीने में एक कुशल प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में कड़ा परिश्रम किया है। वे आगामी BOSM में बिट्स पिलानी में बास्केटबॉल की छवि सुधारना चाहते हैं। दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। उनकी तैयारी ठीक प्रकार से चल रही है और उन्हें किसी प्रकार की चुनौतियों का सामना नहीं करना पड़ा है। BOSM की थीम "ROAR TO RESILINCE" उनकी टीम की मूल मानसिकता से मेल खाती है चूंकि वे पिछले BOSM में मिली हार से उबर चुके हैं व इस बार पदक जीतने के लिए आशावान हैं। वे अंत में सभी दर्शकों को यही सन्देश देना चाहते हैं कि बिट्स कि टीमों को भरपूर समर्थन दें व टीम की जीत के लिए कामना करें।

## CARROM



Shivam Kumar

हिंदी प्रेस क्लब से बातचीत में केरम टीम के कप्तान शिवम कुमार ने बताया कि पूरी टीम पिछले एक-दो महीने से प्रतिदिन 2-3 घंटा अभ्यास कर रही हैं। हर प्रतियोगिता के लिए उनकी टीम जमकर तैयारी करती हैं और जीतना का पूर्ण प्रयास करती हैं। साथ ही केरम टीम पिछले दो BOSM की विजेता हैं इसलिए उनकी आशा है कि उनकी टीम भी यह सिलसिला जारी रख सकेगी। और पिछले वर्ष जीते हुए स्वर्ण एवं रजत पदक का बचाव कर पायेगी। उनकी तैयारी अभी तक तो अच्छी गए हैं परन्तु इन्वेंटरी अभी तक उन्हें मिली नही हैं। कप्तान शिवम के विचार में केरम टीम अपनी गलतियों पर चिंतन करके "बोल्ड" खेलने से नही डरती हैं इसलिए इस बोस्म को थीम "ROAR OF RESILIENCE" उनकी टीम की मानसिकता एवं रणनीति से बिलकुल जंचती हैं। वह उम्मीद करते हैं कि बिट्सियनस धैर्य से उनकी टीम का सहयोग करेंगे। पूरी टीम अपना सर्वोच्च प्रयास करेगी प्रतियोगिता देखने आने वाले बिट्सियनस को निराश नहीं करे।

## SWIMMING (GIRLS)



Shamika Mittal

महिला तैराकी टीम की कप्तान शामिका फेस्ट की ऊर्जा एवं जोश को पूर्ण महसूस करने के लिए तथा सारे खिलाडियों को अपनी पूर्ण क्षमता से प्रदर्शन देते देखने के लिए काफ़ी उत्सुक हैं। उन्होंने बताया कि उनकी टीम पिछले पूरे महीने से प्रतिदिन अभ्यास कर रही हें और अलग अलग स्ट्रोक्स पर अपनी गति एवं तकनीक सुधारने की कोशिश कर रहें हैं। केम्पस के पूल का क्रत्य नही होने से उन्हें दिक्कत का सामना करना पड़ा हें। रोजाना ऑटो पकड़कर बाहर के पूल तक जाना काफ़ी जटिल एवं थकाने वाला अनुभव रहा हैं। हालकी वह फिर भी फेस्ट में सबको अपनी पूर्ण क्षमता से प्रदर्शन देने के लिए काफ़ी उत्सुक हैं। उनके विचार में BOSM की थीम काफ़ी जंच रही हें और उनकी पूरी टीम को और मेहनत करके बहतर बनने के लिए प्रोत्साहन दे रही हें। बोस्म सबसे आनंदमय फेस्टों मे से एक हें जहां लोग अपने दोस्तों के साथ समय बिताकर उनका अलग अलग खेलों में प्रोत्साहन करते हें इसलिए वह उम्मीद करेंगे कि कोई इस फेस्ट को MISS ना करे।

## VOLLEYBALL (BOYS)



Aaryan Sinha

पुरुष वॉलीबॉल टीम में कप्तान की भूमिका निभा रहे आर्यन सिन्हा की BOSM हिंदी प्रेस से BOSM 2023 के बारे में वार्तालाप के मुख्य अंश: आर्यन ने कहा कि उनकी पूरी टीम साथ में एवं अकेले में भी अभ्यास कर रही हें। उनकी एवं पूरी टीम की नज़र स्वर्ण पदक पर है और वे उम्मीद करते हैं कि वे उसे हासिल कर पाए। किसी भी प्रतियोगिता की तैयारी में आमतौर पर सबसे बड़ी मुश्किल खिलाडियों की चोटें होती हें और इस बार भी यही उनकी टीम के लिए सबसे बड़ी चुनौती रही हें। साथ ही उन्होंने कहा कि बोस्म की थीम "ROAR OF RESILIENCE" उनकी टीम की मानसिकता से मेल खाती हें और यह दहाड़ दर्शकों तक भी गूंजेगी उनके हर एक अंक जीतने पर। उन्हें उम्मीद है कि लोग मैच देखने आयेंगे और खूब ज़ोर-शोर से खिलाडियों का प्रोत्साहित करेंगे।

## BASKETBALL (GIRLS)



M Shruti

BOSM के लिए महिला बास्केटबॉल टीम पिछले डेढ़ महीने से अभ्यास कर रही है, और अब वे आने वाले 3 दिन अपने होमग्राउंड में देश की बेहतरीन टीमों को टक्कर देने के लिए तैयार है। महिला बास्केटबॉल टीम की कप्तान "श्रुति" का कहना हैं कि "सुबह और शाम कुल मिला कर 5 घंटे चलने वाले अभ्यास सत्र में हमें कोच की काफी सहायता मिली और बहुत छोटे समय में हमारा शारीरिक और मानसिक विकास हुआ है और अब हम किसी भी स्तर की टीम को चुन्नौती देने के लिए तैयार हैं। बाहर से आये प्रतिभागीतों के साथ खेलते हुए हम अपनी क्षमताओं को और पिछले एक डेढ़ महीने में हमने जो कुछ भी सीखा है उसे चुनौती देना चाहते हैं, और सभी की उम्मीदों पे खरा उतरना चाहते हैं"। श्रुति ने हमें टीम द्वारा झेली गई चुनौतियों जैसे पढाई और अभ्यास सत्रों के बीच सामंजस्य बिठाना, मौसम, गर्मी तथा खेलों में होने वाली चोटों के बारे में बताया तथा उन्होंने सभी से मैच देखने और समर्थन देने का अनुरोध किया।

## FOOTBALL (BOYS)



Avichal Khandelwal

हिंदी प्रेस क्लब ने फुटबॉल टीम के कप्तान अविचल खंडेलवाल से बातचीत की जिसमें उन्होंने बताया कि पूरी टीम BOSM की तैयारी के लिए हफ़्ते में 6 दिन, प्रतिदिन 2 घंटे अभ्यास कर रही है । वे लोग भारत के बेहतरीन स्पोर्ट्स कॉलेजों से प्रतियोगिता के लिए उत्साहित हैं । उन्हें फेस्ट की तैय्यारी के दौरान कुछ मुश्किलों का भी सामना करना पड़ा है । खिलाडियों को इंस्टिट्यूट द्वारा उचित मेडिकल सुविधाएँ नहीं दी जा रही, साथ ही GYM-G में लाइटिंग बहुत कम है जिससे रात में होने वाले मुकाबलों का मज़ा किरकिरा हो जाता है । BOSM का थीम 'ROAR OF RESILIENCE' फ़ुटबॉल टीम की मानसिकता से मेल खाता है । कप्तान अविचल का मानना है कि मुश्किल हालातों में भी ध्यान से काम करते रहने के लिए जो शक्ति चाहिए वो ही RESILIENCE है । यह फ़ुटबॉल के लिए बहुत उचित पंक्ति है, क्योंकि हमारी टीम जितनी भी अच्छी हो, हमसे बेहतर भी बहुत से टीमें होंगी । केवल इच्छा शक्ति और अथक प्रयास ही वो चीज़ें हैं जो हमें उन टीमों को हराने का मनोबल प्रदान करती हैं । सभी बिट्सियन्स से मेरा अनुरोध है कि मैदान पर आकर अपने कॉलेज की टीम का समर्थन करें ।

## ATHLETICS (BOYS)



Naman Jangira

पुरुष अथ्लेटिक्स टीम के कप्तान नमन जंगीरा का मानना है कि BOSM जैसे फेस्ट में इवेंट आयोजित कराने के लिए या भाग लेने के लिए बहुत तैयाँरी, जुनून और धैर्य की आवश्यकता होती है । भीषण ट्रेनिंग, जिम सेशन्स और ट्रैक पर घंटों बिताने के बाद ही खिलाड़ी अपना सर्व श्रेष्ट प्रदर्शन कर पाते है । लेकिन केवल शारीरिक उपयुक्तता काफ़ी नहीं है, मानसिक शक्ति भी उतनी ही महत्त्वपूर्ण है । अथ्लेटिक्स टीम अपना ताल मेल बढ़ाने के लिए पोकर जैसी गतिविधियों में भी हिस्सा लेती है । दर्शकों की दहाड़े, अप्रत्याशित परिणाम, और मैच के बाद दर्शकों के साथ जीत का जश्न मनाने का खयाल ही खिलाड़ियों को प्रसन्न कर देता है । हर BOSM यादों का एक नाया अध्याय होता है, और टीम इस BOSM के लिए भी अति उत्साहित है । 'ROAR OF RESILIENCE' बस एक थीम नहीं, बल्कि इस टीम की कहानी है । RESILIENCE अभ्यास में बिताए अनगिनत घंटों का प्रतीक है और ROAR हमारी सामूहिक शक्ति, जुनून, और उत्साह को दर्शाता है । सभी दर्शकों के लिए मेरा सन्देश है कि दिल खोलकर जयकारें लगाओ और इस फेस्ट का पूरा आनंद उठाओ ।

## VOLLEYBALL (GIRLS)



Sunanda Khan bhaduri

हिंदी प्रेस क्लब को महिला वॉलीबॉल टीम की कप्तान सुनंदा खान भादुरी से बात करने का अवसर प्राप्त हुआ । उन्हें उम्मीद है कि इस BOSM में पिछली बार से बेहतर सह भागिता होगी और सभी डिपार्टमेंट्स के सहयोग से BOSM 2023 काफ़ी रोमांचक होगा । वॉलीबॉल टीम को बारिश की वजह से अभ्यास करने में कुछ दिक्कतें आई और उसके कारण टीम में तालमेल बैठा पाना एक चुनौती के रूप में उभरकर आया । BOSM का थीम 'ROAR OF RESILIENCE' एक खिलाड़ी के जीवन में आई परेशानियों और बाधाओं का महत्त्व दर्शाता है जो कि खेल भावना और जीतने की ललक में वृद्धि भी लाता है । दर्शकों के लिए सुनंदा का सन्देश है कि ' फेस्ट पर मज़े करें और टीम का समर्थन करें' ।

## ULTIMATE FRISBEE



Dev Agarwal

फ्रिसबी टीम के कप्तान देव अग्रवाल से हिन्दी प्रेस क्लब की हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि उनकी टीम ने कोच एलेक्स के मर्ग्दर्दर्शन में काफ़ी मेहनत और परिश्रम से तैयारी की है। प्रतिदिन दो बार के प्रशिक्षण में कोच उन्हें निरंतर प्रोत्साहित करते हैं। उनकी टीम को काफ़ी अपेक्षाएं हैं। देव बताते हैं कि हॉकी फील्ड की लाइट्स अब तक सही नहीं हुई हैं जिस कारण अभ्यास के समय उन्हें व उनकी टीम को फ्रिसबी देखने में परेशानी होती है। उनके अनुसार इस वर्ष की थीम हर उस खिलाड़ी से मेल खाती है जो मार्ग में आ रही बाधाओं के बाद भी सफलता के लिए अथक प्रयास करता है। 23 बैच व अन्य सभी से देव कहना चाहते हैं कि बाहर जाकर ख़ूब मज़े करिये और इस फेस्ट का आनंद उठाइए।

## HANDBALL (BOYS)



Arham

हैंडबाल टीम के कप्तान अरहम छजर ने बताया कि उनकी टीम BOSM के लिए हर रोज़ ट्रेनिंग कर रही है। DU से आने वाली टीमों को कड़ी टक्कर देने के लिए टीम अपना पूरा समर्पण दिखा रही है। हर रोज़ ढेर सारे फिटनेस सेशंस और प्रैक्टिस मैचेस का आयोजन कराया जा रहा है। इसी के साथ-साथ खिलाडियों को एक दूसरे के और पास लाने के लिए और उनका तालमेल बढ़ाने के लिए टीम बोन्डिंग गेम्स भी कराए जा रहे हैं। अरहम ने बताया कि उन्हें दूसरे कालेजों से टीमें बुलाने में काफी दिक्कतें आयीं। सबसे ज्यादा स्टेट और नेशनल प्लयेर्स होने के बाद भी इस खेल के बारे में लोगों में काफी कम जागरूकता है। अरहम का कहना है कि जीत सिर्फ खेल के अंकों से नही, बल्कि हम खेल को कैसे खेलते हैं उस से भी होती है। जीतने का आनंद तभी आता है जब उसके लिए मेहनत और अखंडता दिखाई जाये।

## DEPARTMENT OF INFORMAL EVENTS



Anurag Sawant

अनुराग सावंत ने बताया कि INFORMALZ डिपार्टमेंट एक गेम रूम बनवाएगा जिसमें लोग अपने दोस्तों के साथ UNO, MONOPOLY, BLUFF और अन्य BOARD GAMES खेल सकेंगे। इन गेम्स के माध्यम से लोग अपनी एक सी रहने वाली ज़िंदगी से बाहर आ पाएँगे। डिपार्टमेंट उम्मीद करता है कि उन्हें बहुत सारे लोग उनके गेम्स खेलते हुए दिखेंगे। उन्होंने JSS यश्वासिन्,आयुष भंडारी BOSM SPONS,शिरीष कुमारवेल REC N ACC और श्रेयस PCR को खास धन्यवाद दिया है। पूरा COSSAC भी तैयारी के दौरान मददगार रहा। उनके अनुसार BOSM की थीम कमाल की है और मैचों में 'ROAR OF RESILIENCE' देखने को मिलेगी। अनुराग सारे BITSIANS, प्रतिभागियों को न्योता देते है कि वे आये और उनके गेम्स खेलें।

## DEPARTMENT OF SOUNDS



Madhav Nath Khanna

SOUNDS डिपार्टमेंट के माधव नाथ खन्ना ने बताया कि वे N2O और INAUGURATION जैसे अनेक इवेंट संभालते है। उनका ज़्यादातर काम दिन के समय में होता है। किसी भी इवेंट की तैयारी सुबह 8 बजे शुरू होती है और 12 बजे तक खत्म होती है। पुराने उपकरणों की वजह से उन्हें बहुत तकलीफों का सामना करना पड़ता है। उनका सभी खिलाड़ियों और छात्रों को यही सन्देश है कि वे इस फेस्ट का आनंद लें और ख़ूब मज़ा करें

## DEPARTMENT OF PHOTOGRAPHY



Arvind Ram

DOP के समन्वयक अरिविंद राम बताते हैं कि उनके डिपार्टमेंट का कार्य है प्रत्येक फेस्ट को यादगार बनाना, और फोटो किसी चीज़ को याद रखने का अच्छा साधन है। DOP BOSM स्नैप्स व फेस्ट के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों को तस्वीरों में कैद कर चित्रों के माध्यम से सदैव के लिए अमर करता है। अरविन्द आगे सभी छात्रों को और खासकर 23 बैच संदेश देते हैं कि वे प्रत्येक मैच और शो का भरपूर आनंद उठाये और जी भरकर मज़ा करें।

## CRICKET



Yash Nigam

क्रिकेट टीम के कप्तान यश निगम से हिन्दी प्रेस क्लब की वार्तालाप हुई। यश मानते हैं कि कप्तान होने के नाते यह उनका कर्त्तव्य है कि टीम को जीत की ओर ले जाने का वे अधिकतम प्रयास करें। साथ में आतिथ्य कॉलेज होने के कारण फेस्ट का सुचारू संचालन हो। वे मानते हैं कि अभ्यास में कोई गडबड़ी नहीं होनी चाहिए तथा खिलाड़ियों को किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार होना चाहिए और अपने ऊपर विश्वास रखना चाहिए। यह ही हैं सफलता को पहुचने वाले मार्ग। वे चाहते हैं कि इस बार के मैच बराबर की टक्कर के हों और खिलाडी खेल में स्पोर्ट्समैन स्पिरिट बनाये रखें। वे अपने महीनो के अभ्यास के बाद यह विश्वास दिलाते हैं कि टीम बिट्सियन दर्शक को निराश नहीं करेगी बल्कि उनका दिल जीत लेगी। उन्हें काफ़ी मुश्किलों का भी सामना करना पड़ा जिसमे से सबसे बड़ी मुश्किल थी पिलानी का कठोर मौसम। इसके अलावा काफ़ी खिलाडी जख्मी भी हुए जिससे अभ्यास में दिक्कत आई। लेकिन सब ही मुश्किलों को साइड हटा कर वे डटकर अभ्यास करते रहे। BOSM की थीम ROAR OF RESILIENCE उन सब खिलाडियों को दर्शाती है जो गिरकर दोबारा उठते हैं। क्रिकेट एक ऐसा खेल है जिसमे कड़ी महनत के बाद भी खिलाडी को हार का सामना करना पड़ता है। कोई भी आसानी से हार मान सकता है पर अपने आप को और मज़बूत बनाकर जीतना ही एक अच्छा खिलाडी कहलाता है।

## TABLE TENNIS (BOYS)



Ramalingam Iyer

टेबल टेनिस बॉयस टीम के कप्तान रामलिंगम ने बताया कि BOSM के दौरान एक समय पर एक ही मैच पर ध्यान देते हुए और अपनी तरफ से पूरी मेहनत करते हुए फेस्ट का भी आनंद लेंगे। उनकी टीम अपनी फिटनेस के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं और वे प्रतिदिन दो बार अभ्यास कर रहे थे। हज़ारो BITSIANS की उम्मीदो को वो एक प्रेरणा के रूप में ले रहे हैं, इसे एक दबाव के जैसे समझने की बजाय। सारे दर्शकों के सामने वे एक बेहेतेरीन खेल का प्रदर्शन करना चाहते हैं। रामलिंगम ने बताया कि कुछ सामान के आने में देरी हुई और उनके पास पर्याप्त ग्लू नहीं है। BOSM का थीम टीम की भावनाओं में समाहित है, वो भी एक दहाड़ से BOSM का आगाज़ करने वाले है। वो कहते है कि फेस्ट में आप सब बहुत उच्च स्तर के खेलों से रूबरू होने वाले हैं।

## DVM



Prateek kashyap

DVM समन्वयक प्रतीक कश्यप ने हिन्दी प्रेस क्लब को बताया कि DVM का कार्य मुख्यत: BOSM वेबसाइट का निर्माण और फेस्ट दौरान विभिन्न पोर्टल का प्रबंधन करना होता है। इस वर्ष उन्होंने N2O और बॉलीवुड नाईट के लिए प्रोमो वीडियो भी तैयार कराये हैं। उनकी टीम ने दो महीने पहले से ही वेबसाइट निर्माण का कार्य आरंभ कर दिया था। प्रतीक का मानना है बिट्सियनस् को DVM के कार्य से बहुत आशाएं होती हैं और वे पूरी कोशिश कर रहे हैं कि हर बार की तरह DVM सभी की उम्मीदों पर खरा उतरे। BOSM थीम को अपने डिपार्टमेंट की कार्यशैली से जोड़ते हुए उन्होंने बतया कि कैसे उनकी टीम का पप्रत्येक सदस्य हर काम को अपनी पूर्ण तन्मयता से करता है फ़िर कार्य कितना भी मुश्किल हो। सभी खिलाड़ियों और 23 बैच के जूनियर्स को प्रतीक का यही सन्देश है कि वे फेस्ट पूर्ण आनंद उठाएं और अपने दोस्तों के संग अच्छी यादें बनाएँ।

